डिक्टमः तर्क-वितर्क समिति विद्यार्थियों में तार्किक विवेचना और वक्तृत्व कौशल को निखारने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करती है। समिति प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार की वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है जिससे विद्यार्थियों में विभिन्न विषयों के प्रति विश्लेषणात्मक कौशल का विकास होता है।

समिति हर वर्ष दो मुख्य वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है जिसमें **शिवाजी भोंसले संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता** व **एथेना टर्न कोट वाद विवाद प्रतियोगिता** आती है जो दिल्ली विश्वविद्यालय की बहू प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक हैं।

साथ ही **2023-24 सत्र** मे समिति जीजाबाई मेमोरियल राष्ट्रीय स्तर पारंपरिक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी करने जा रही है।

## सत्र 2023-2024:-

समिति सदस्यों ने सत्र 2023 में 115 से अधिक प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है जिसमें राष्ट्रीय स्तर की भारत वाणी 2.0,किरोड़ीमल महाविद्यालय द्वारा श्री नरेंद्र प्रधान संसदीय वाद विवाद प्रीतियोगिता में क्वार्टर फाइनलिस्ट, आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय द्वारा चक्रव्यूह संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता में उपविजेता रहे। गुरु नानक देव खालसा महाविद्यालय द्वार वार्षिक पारंपरिक वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रखर'24 आदि प्रतियोगिताओं में विजेता का स्थान प्राप्त किया।

- **शिवाजी भोंसले संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 2023-24**

  डिक्टमः तर्क वितर्क समिति (शिवाजी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने सफलता पूर्वक शिवाजी भोंसले संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता के 9 वें संस्करण का दिनांक 28 से 30 अक्टूबर को आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 50 दलों ने प्रतिभाग किया साथ ही 23 अधिनिर्णायक प्रतिभागियों ने भी प्रतिभाग किया । इस प्रतियोगिता में मुख्य अथिति के रूप में केंद्रीय आयुक्त श्री उदय महुरकर भी सम्मिलित हुए जिन्होंने शिवाजी महाराज के जीवन और शौर्य पर प्रकाश डाला

- **प्रतियोगिता के परिणाम निम्नलिखित रूप से रहा :-**

  विजेता : गौतम दास और कुणाल कश्यप झा

उपविजेताः यशी सिंघल और सौरभ कुमार

सर्वश्रेष्ठ अधिनिर्याकः मुस्कान यादव

द्वितीय सर्वश्रेष्ठ अधिनिर्याक : अवि

यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों के जीवन में विश्लेषणात्मक और दार्शनिक विचार मंथन को उजागर करने में सक्षम रही है।






GPS Map Camera
Google
New Delhi, Delhi, India
30, Shivaji Enclave, Shakti Nagar, New Delhi, Delhi, 110007, India
Lat 28.655623°
Long 77.121422°
28/10/23 10:53 AM GMT +05:30




शिवाजी कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय
शिवराज 350
मुख्य अतिथि
शिवाजी भोंसले
नवम् संस्करण


SHIVAJI COLLEGE
NAAC Accredited 'A' Grade
University of Delhi
“शिवराज 350”
Venue : Jijabai auditorium (First floor)
Dr. Rangnath Ravi






SHIVAJI COLLEGE



- **एथेना टर्नकॉट वाद विवाद प्रतियोगिता**

डिक्टम तर्क वितर्क समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति टर्न कॉट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 35 से अधिक महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और दार्शनिक विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा अपना मत दिया गया ।

इस प्रतियोगिता में अधिनिर्णयक की भूमिका निभाते हुए शिवाजी विश्वविद्यालय के ही प्रोफेसर श्री दर्शन पांडये (हिन्दी विभाग) डॉ अभिजीत मिश्रा (जीव रसायनिक विभाग) डॉ पवन कुमार (वनस्पति विभाग) ने प्रतियोगिता को सार्थक बनाया ।

प्रतियोगिता का परिणाम निम्नलिखित है :

प्रथम स्थानः आशीष पिचौरी

द्वितीय स्थानः वजाहत ख़ान




तृतीय स्थानः शिल्पी सिंह

प्रथम सांत्वना पुरस्कारः रजनीश कुमार शुक्ला

द्वितीय सांत्वना पुरस्कारः रविन्द्र

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए समिति सदस्यों द्वारा व्यवस्थित रूप से प्रतियोगिता का संचालन किया गया।



## सत्र 2022 2023:-

समिति ने विभिन्न प्रकार की अंतर विश्वविद्यालय व राष्ट्रीय सत्र की वाद विवाद प्रतियोगिताओं पर विजय प्राप्त कर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है। समिति सदस्यों ने सत्र 2022-2023 में 117 वाद विवाद प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर दिल्ली विश्वविद्यालय में एक सफल समिति के रूप में स्थापित हुई है। समिति सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय व विभिन्न अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त कर समिति को सफल बनाया है। समिति के सदस्य द्वारा आईआईटी बीएचयू द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अर्ध संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में सेमी फाइनलिस्ट का स्थान प्राप्त किया गया। एशियन संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता, अम्बेडकर महाविद्यालय द्वारा आयोजित पारम्परिक वाद-विवाद प्रतियोगिता, किरोड़ी मल महाविद्यालय द्वारा आयोजित नरेंद्र सिंह प्रधान संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताओं में विजेता रहे।

- **शिवाजी भोंसले संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता 2022-2023**

  डिक्टमः तर्क वितर्क समिति (शिवाजी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने सफलता पूर्वक शिवाजी भोंसले संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता के 8 वें संस्करण का दिनांक 13 से 15 जनवरी को आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में 48 दलों ने प्रतिभाग किया।

  **प्रतियोगिता में परिणाम निम्नलिखित रूप से रहा :-**

विजेता : ऋतुराज कुमार व आदित्य कुमार

उपविजेताः यशी सिंघल व अभियंकर शुक्ला

सर्वश्रेष्ठ वक्ता : वैभव

यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों के जीवन में विश्लेषणात्मक और दार्शनिक विचार मंथन को उजागर करने में सक्षम रही है।





- **एथेना टर्नकॉट वाद विवाद प्रतियोगिता**

डिक्टम तर्क वितर्क समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति टर्न कॉट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें से अधिक महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया । इस प्रतियोगिता में राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और दार्शनिक विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा अपना मत दिया गया।

**प्रतियोगिता का परिणाम निम्नलिखित है:**

प्रथम स्थानः यशि सिंघल (आईआईएमसी दिल्ली)

द्वितीय स्थानः सौरभ कुमार (आर्टस फैकल्टी)

तृतीय स्थानः दिवेश चंद्रा (हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय)

प्रथम सांत्वना पुरस्कारः जय बैरागी

द्वितीय सांत्वना पुरस्कारः शिल्पी सिंह

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए समिति सदस्यों द्वारा व्यवस्थित रूप से प्रतियोगिता का संचालन किया गया। समिति का अनुशासन ही उसे दिल्ली विश्वविद्यालय में एक प्रतिष्ठित समिति के रूप में स्थापित करता है।

- **सानिध्य**

प्रस्तावित श्रृंखला के माध्यम से हमारा उद्देश्य रहा लेखकों, कवियों, विद्वानों, आलोचकों एवं बुद्धिजीवियों आदि के साथ एक सार्थक संवाद कर उन्हें व उनकी रचनाओं को और बेहतरी से जानना।

इस नई परंपरा के प्रथम संस्करण में हमें मुख्य अतिथि के रूप में सानिध्य प्राप्त हुआ बहुप्रतिष्ठित कवि व उपन्यासकार श्री गीत चतुर्वेदी एवं श्री अविनाश मिश्र का।


मानि



